सं० सं०– टी–3/भवन–04/2008........................../

बिहार सरकार
युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग
निदेशालय, नियोजन एवं प्रशिक्षण (प्रशिक्षण पक्ष)
नियोजन भवन, चतुर्थ तल, बेली रोड, बिहार, पटना–01

बिहार सरकार

प्रेषक,

उप सचिव,
युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग
बिहार, पटना।

सेवा में,

महालेखाकार (ले० ह०), बिहार,
वीरचन्द पटेल पथ, पटना।

पटना, दिनांक–............/............/2026

विषयः– लीला दीपनारायण औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, भागलपुर हेतु कुल राशि रू0 1,91,35,733/– (एक करोड़ इक्यानबे लाख पैंतीस हजार सात सौ तैंतीस) मात्र की प्रशासनिक स्वीकृति के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संदर्भ में कहना है कि लीला दीपनारायण औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, भागलपुर हेतु अभियंता प्रमुख (विद्युत), भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–8292 (भ) दिनांक–03.09.2025 द्वारा संस्थान के परिसर में मुख्य भवन (G+1), कर्मशाला और COE भवन के ई0आई0 में परिवर्तन एवं परिवर्द्धन के साथ नवीकरण के लिए उपलब्ध कराये गये तकनीकी अनुमोदित प्राक्कलन हेतु कुल राशि रू0 1,91,35,733/– (एक करोड़ इक्यानबे लाख पैंतीस हजार सात सौ तैंतीस) मात्र की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की जाती है।

2. इस स्कीम के अन्तर्गत उक्त राशि की निकासी मुख्य शीर्ष 4059–लोक निर्माण कार्य पर पूंजीगत परिव्यय, उप मुख्य शीर्ष– 60 –अन्य भवन, लघु शीर्ष 051–निर्माण, उप शीर्ष –0112–औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के भवनों का निर्माण/पुनर्निमार्ण/उन्नयन, राज्य योजना के विपत्र कोड–03–4059600510112 से वित्तीय वर्ष 2025–26 में प्रावधानित राशि से की जाएगी।

3. इस राशि के निकासी भवन निर्माण विभाग द्वारा प्राधिकृत निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी द्वारा की जायेगी तथा इसके नियंत्री पदाधिकारी, प्रधान सचिव/सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना होंगे।

4. इस राशि की निकासी जिला कोषागार, भागलपुर से की जायेगी।

5. कार्य का भौतिक, वित्तीय प्रगति प्रतिवेदन तथा उपयोगिता प्रमाण–पत्र प्रधान सचिव/सचिव, भवन निर्माण विभाग के माध्यम से महालेखाकार एवं निदेशालय, नियोजन एवं प्रशिक्षण को मासिक, त्रैमासिक एवं वार्षिक रूप में समर्पित किया जाना सुनिश्चित किया जायेगा।

6. प्रशासनिक स्वीकृति संबंधी प्रस्ताव पर विभागीय सचिव का अनुमोदन प्राप्त है।

7. संचिका संख्या– टी–3/भवन–04/2008–......../टि० पर आन्तरिक वित्तीय सलाहकार की सहमति प्राप्त है।

विश्वासभाजन

ह0/–

उप सचिव
युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग
बिहार, पटना।

(8)

ज्ञापांक– टी–3/भवन–04/2008...197...   पटना, दिनांक–...29.../...01.../2026

प्रतिलिपिः–माननीय मंत्री, युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग के आप्त सचिव/योजना एवं विकास विभाग (चार प्रतियों में)/वित्त विभाग (बजट शाखा)/विकास आयुक्त के प्रधान आप्त सचिव/सचिव के उप सचिव युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग/आंतरिक वित्तीय सलाहकार, युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

S. Aayal 29/01/26

उप सचिव

युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग

बिहार, पटना।

ज्ञापांक– टी–3/भवन–04/2008...197...   पटना, दिनांक–...29.../...01.../2026

प्रतिलिपिः–प्रधान सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना /प्रमंडलीय आयुक्त, भागलपुर /जिला पदाधिकारी, भागलपुर /जिला कोषागार पदाधिकारी, भागलपुर /कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, भागलपुर /मुख्यालय के सभी पदाधिकारी/ निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी (मुख्यालय) /प्राचार्य, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, भागलपुर /मासिक व्यय विवरणी शाखा/बजट शाखा/योजना शाखा/ आई० टी० मैनेजर (विभागीय वेबसाइट पर प्रकाशनार्थ), युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

S. Aayal 28/01/26

उप सचिव

युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग

बिहार, पटना।